SAMTEX
FASHIONS LIMITED
A Govt. Recognised Export House
Men's fashion technology

Date: 30-06-2021

To,
Manager (Listing)
Corporate Relationship Department
The Bombay Stock Exchange Limited
P. J. Towers,
Dalal Street, Mumbai-400001

Ref - SAMTEX FASHIONS LIMITED
Scrip Code - 521206

Sub -<u>PUBLICATION COPY OF AUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTERAND FINANCIAL YEAR ON ENDED 31.03.2021</u>

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulation, 2015 please find enclosed copy of Newspaper cutting of Published Audited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the Quarter and Financial Year ended 31st March, 2021 as got published in:

1. Financial Express dated – 30-06-2021
2. Haribhoomi dated – 30-06-2021

Thanking You

Yours Sincerely
For Samtex Fashions Limited

Anushika Mishra

Anushika Mishra
(ACS- 59065)
Company Secretary

Encl: as above

Regd. Office & Works: Khasra No 62,D 1/3 Industrial Area, Rajarampur, Sikandrabad, Bulandshahr UP 203205 IN
Delhi Office: Unit No. 137, DLF Prime Tower, F Block, Okhla Phase-1, New Delhi- 110020, Telephone No. 011-49025972
CIN : L17112UP1993PLC022479, E-mail id : samtex.compliance@gmail.com

Scanned with CamScanner

### मुख्यमंत्री चौहान ने आत्म निर्भर मप्र के लिए गठित मंत्रियों के शिक्षा समूह के प्रस्तुतीकरण पर चर्चा में कहा

# विद्यार्थियों को पढ़ाई के बाद रोजगार मिल सके, ऐसी शिक्षा दें, प्रदेश में नालंदा और तक्षशिला जैसे शिक्षा केंद्र खोले जाएं

## प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की भिन्न-भिन्न स्थानीय विशेषताओं का ज्ञान वहां के विद्यार्थियों को दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा का एक प्रमुख उद्देश्य यह होना चाहिए कि शिक्षा प्राप्ति के बाद विद्यार्थियों को रोजगार सुनिश्चित हो जाए। इसके लिए रोजगारोन्मुखी शिक्षा एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में नालंदा एवं तक्षशिला जैसे शिक्षा केंद्र खोले जाएं, जहां शिक्षण-प्रशिक्षण की अत्याधुनिक व्यवस्था हो तथा जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययन-अध्यापन एवं शोध कर सकें। विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़े तथा शिक्षक पूरे मन से अध्यापन करें। हम सब भी विद्यार्थियों को प्रेरित करने का कार्य करें। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की भिन्न-भिन्न विशेषताएं हैं। इन सभी स्थानीय विशेषताओं का ज्ञान वहां के विद्यार्थियों को दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री चौहान आज मंत्रालय में आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के अंतर्गत गठित मंत्री समूहों के प्रस्तुतीकरण के अंतर्गत शिक्षा समूह के प्रस्तुतीकरण पर चर्चा कर रहे थे। इस समूह के अंतर्गत स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों का प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में वन मंत्री विजय शाह, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, जनजातीय कार्य विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री मीना सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी आदि उपस्थित थे।

### उद्योगों के लिए स्किल्ड मैन पावर तैयार करें



मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षण के माध्यम से उद्योगों के लिए स्किल्ड मैन पावर तैयार किया जाए। संबंधित उद्योगों में उनको अपरेंटिशिप भी कराई जाए। भोपाल में बनाए जा रहे ग्लोबल स्किल पार्क में प्रशिक्षित हर विद्यार्थी को उसकी योग्यता के अनुरूप रोजगार दिलाया जाए। इसमें वर्तमान में 145 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### 9200 सीएम राइज स्कूल खुलेंगे

प्रदेश में 9200 सीएम राइज स्कूल खोले जाने की कैबिनेट में स्वीकृति हो गई है, जिनकी स्थापना चरणबद्ध रूप से की जाएगी। प्रदेश में 01 लाख 09 हजार शिक्षकों की तथा 470 शिक्षक प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जानी है।

### वाइल्ड लाइफ व टूरिज्म पर कोर्सेज प्रारंभ होंगे

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में वाइल्ड लाइफ तथा टूरिज्म पर कॉर्सेज प्रारंभ किए जाएंगे। इसके साथ ही विद्यालयों में कृषि एवं उद्यानिकी के पाठ्यक्रम भी जोड़े जाएंगे। हर स्कूल में खेल मैदान बनाए जाएंगे। साथ ही कक्षा में विद्यार्थियों को रोटेशन के आधार पर आगे पीछे बिठाने के निर्देश भी जारी किए गए थे। इनका पालन किया जाए।

### जो सरकारी अधिकारी-कर्मचारी वैक्सीन का दूसरा डोज नहीं लगवाएंगे, उनके खिलाफ होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि उच्च जोखिम वाले समूहों को प्राथमिकता के आधार पर टीके के दोनों डोज लगाए जाएं। जिन शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने टीके का प्रथम डोज लगवा लिया है और पात्र अवधि के बाद भी यदि उनकी ओर से दूसरा डोज नहीं लगवाया गया है, तो ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान कोविड संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण और टीकाकरण के लिए गठित मंत्री समूह के प्रस्तुतिकरण सत्र को संबोधित कर रहे थे। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल सहित मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस तथा अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान उपस्थित थे।



### दूसरे डोज के लिए विशेष अभियान चलाएं

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि टीके के दूसरे डोज के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाए। जिन्होंने पहला डोज लगवा लिया है, परंतु दूसरा डोज लगवाने में लापरवाही कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर दूसरा डोज लगाया जाए। कोचिंग क्लासेस संचालकों की ओर से शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने पर कोचिंग क्लास के संचालन पर भी विचार किया जा सकता है।

### सभी मेडिकल कॉलेजों में बढ़ाएं सीटें

मुख्यमंत्री चौहान ने निर्देश दिए कि सभी मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाई जाएं। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएं। बताया गया कि मेडिकल कॉलेज इंदौर और भोपाल में 100-100 सीटें तथा रीवा में 50 सीटें बढ़ाई गई हैं।

### मेरे शिक्षक ने बनाया मुझे वक्ता

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी हमारे प्रदेश में बहुत से आदर्श शिक्षक हैं, जो विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को अच्छी तरह निखारते हैं। मुझे याद है कि जब मैं अपने गांव जैत में अध्ययन करता था, मेरे एक शिक्षक प्रति शनिवार सभी बच्चों को कक्षाओं के बाद स्वप्रेरणा से रामायण पढ़ाते थे। वे मुझसे रामायण की चौपाइयां तथा उनका अर्थ बताने के लिए कहते थे। धीरे-धीरे मैं अच्छा बोलना सीख गया। मेरे वक्ता बनने का श्रेय उन्हीं शिक्षक को जाता है। मैं ऐसे सभी शिक्षकों को हृदय से नमन करता हूं।

### प्रदेश के सभी शहरी क्षेत्रों में सम्मान योजना तथा रोको-टोको अभियान चलाया जाएगा

मप्र में कोरोना अनुकूल व्यवहार के लिए शहरी क्षेत्रों में 'सम्मान योजना' तथा 'रोको-टोको' अभियान चलाया जाएगा। भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी टॉवर से नजर रखी जाएगी। इसमें प्रदेश के लोगों को कोविड से बचने के सावधानियों व उपायों के पालन आदि के लिए प्रेरित किया जाएगा। ऐसे दुकानदार जो नियमों का पालन कराने सभी तरह के नियमों का पालन करेंगे, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को मंत्रालय में कोरोना अनुकूल व्यवहार के लिए गठित मंत्री समूह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कोरोना के तीसरे वेब से बचाव के लिए हर तरह के इंतजाम करने के साथ ही व्यापक पैमाने पर आम लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

### सावधानियों के साथ नियमों का पालन जरूरी

बैठक में तय किया गया कि शहरी इलाकों में दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग सहित कोरोना से बचने के सभी उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाए। जो दुकानदार इस दिशा में अच्छा काम करेंगे, उन्हें नगरीय विकास और आवास विभाग की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन करने वाली दुकानों और संस्थाओं को नगरीय निकाय प्रमाण-पत्र जारी कर सम्मानित करें। साथ ही राज्य में 'रोको-टोको' अभियान चलाया जाएगा।


### भीड़ वाले जगहों पर निगरानी टॉवर बनेगा

मंत्री समूह ने अनुशंसा की है कि अधिक भीड़ वाले बाजारों और अन्य स्थानों पर निगरानी टॉवर स्थापित किए जाएं और बिना मास्क लगाए व्यक्तियों और भीड़ लगाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में प्रतिदिन एक लाख तक टेस्ट सुनिश्चित किए जाएं।

### रेस्टोरेंट पर विशेष चौकसी बरतने की आवश्यकता

*मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण का खतरा अभी गया नहीं है। जन-सामान्य का पार्क, बाजारों, रेस्टोरेंट में आवागमन लगातार बढ़ रहा है। रेस्टोरेंट पर विशेष चौकसी बरतने की आवश्यकता है। पुलिस तथा नगरीय निकायों का अमला यह सुनिश्चित करे कि प्रावधान के अनुसार 50 प्रतिशत क्षमता के आधार पर ही रेस्टोरेंट और होटलों का संचालन हो। इससे अधिक लोग एक समय में होटलों और रेस्टोरेंट में मौजूद न रहें।*

### कामनापूर्ति और पुण्यदायी आषाढ़ माह में होंगे धार्मिक अनुष्ठान



**ग्वालियर।** कामनापूर्ति, पुण्यदायी, आषाढ़ मास का प्रारंभ हो चुका है। उपासना माह 24 जुलाई तक रहेगा। इसमें मंगल कार्य किए जाएंगे। पंचांग में आषाढ़ मास को चौथा महीने का दर्जा प्राप्त है। इस माह से वर्षा ऋतु की शुरुआत हो जाती है। आषाढ़ के महीने में सूर्य, मंगल और गुरु की उपासना बेहद लाभदायक मानी जाती है। ज्योतिषाचार्य सतीश सोनी के अनुसार आषाढ़ महीने में पांच शुक्रवार और पांच शनिवार पड़ेंगे। इस कारण खेती और इससे जुड़े कामों में नुकसान की आशंका बन रही है। इन दिनों मंगल और शनि की प्रति युक्ति रहेगी। इन ग्रहों के आमने-सामने होने की वजह से देश में कई जगह ज्यादा बारिश होगी।

#### ग्रहों में कब होगा बदलाव

- **सूर्य:** 16 जुलाई को मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे।
- **मंगल:** 20 जुलाई को अपनी नीच राशि कर्क से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे।
- **बुध:** सात जुलाई को अपनी ही राशि यानी मिथुन में आ जाएंगे।
- **शुक्र:** 17 जुलाई से कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में आएंगे।

#### सूर्य, मंगल, बुध और शुक्र बदलेंगे चाल

सूर्य, मंगल, बुध और शुक्र ग्रह के राशि परिवर्तन से देश-दुनिया सहित 12 राशियों पर असर होगा। गुरु, शनि और राहु-केतु की चाल में बदलाव नहीं होगा।

## बदमाशों ने गोली मारकर ट्रक-डंपर रुकवाए, तीन ड्राइवरों से 68 हजार लूटकर बीहड़ में भाग गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

अमायन-भारौली रोड पर आधा दर्जन बदमाशों ने माऊजर से गोली मारकर तीन ट्रक-डंपर रुकवाए। तीनों वाहनों के ड्राइवरों से मारपीट कर उनके पास से 68 हजार रुपए लूट लिए। डंपर बरेली उत्तरप्रदेश से अमायन खदान से रेत भरने जा रहा था, जबकि ट्रक अमायन खदान से रेत भरकर लौट रहा था। वारदात देहात थाना क्षेत्र में बेसली नदी के पुल के पास सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात की है।

ड्राइवर ने मौके से ही देहात थाना पुलिस को फोन किया। करीब डेढ़ घंटे तक देहात थाने का बल मौके पर नहीं पहुंचा। हालांकि इस दौरान भारौली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी से बदमाश बीहड़ में ही छिपे रहे। रात में और वाहनों से लूट होने से बच गई।



### बदमाशों के जाने के बाद पुलिस को फोन किया

बदमाशों के बीहड़ में जाने के बाद शैलेंद्र सिंह ने ट्रक मालिक को फोन पर सूचना दी। देहात थाना पुलिस को सूचना दी गई। करीब डेढ़ घंटे तक देहात थाने से कोई नहीं गया। डेढ़ घंटे बाद दो आरक्षक मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस कंट्रोल रूम को भी सूचना दे दी गई थी।

### वाहन रुकवाने के लिए पुल पर लकड़ी डाली

सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात भिंड में फौजदार पत्थर टाल के पास रहने वाले ड्राइवर शैलेंद्र सिंह ट्रक क्रमांक यूपी 75 एटी 9952 में रेत भरकर अमायन से भिंड आ रहे थे। देहात थाना क्षेत्र में बेसली नदी के पुल पर ट्रक रोकने बदमाशों ने लकड़ी डाल रखी थीं। ड्राइवर शैलेंद्र ने खतरा भांप लिया। इससे उन्होंने ट्रक रोकने के बजाए भगाना चाहा। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े आधा दर्जन बदमाशों ने माऊजर से ट्रक में गोली मारी। गोली से ट्रक के कांच टूट गए। शैलेंद्र ने ट्रक को रोक लिया। इसी दौरान भिंड की ओर से खाली डंपर क्रमांक यूपी 25 सीटी 5086 में बदमाशों ने गोली मारी, जो कांच में सामने ड्राइवर की साइड लगी। इससे ड्राइवर ने डंपर को रोक दिया। ट्रक-डंपर रुकने के बाद आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने ट्रक ड्राइवर शैलेंद्र सिंह से 12 हजार रुपए लूट लिए। डंपर ड्राइवर रेत भरने जा रहा था तो इसके पास रकम ज्यादा थी। बदमाश इस ड्राइवर से 53 हजार रुपए लूट ले गए। इसी दौरान एक ट्रक और रोका, जिसका ड्राइवर भारौली का रहने वाला था। इससे बदमाशों ने तीन हजार रुपए लूटे। लूट की वारदात को अंजाम देकर बदमाश बीहड़ में चले गए। खास बात यह है कि बदमाशों ने रात में जिस स्थान पर लूट की वारदात को अंजाम दिया, उससे कुछ दूरी पर ही पुलिस का डायल 100 वाहन रहता है, लेकिन इस वाहन में सवार पुलिसकर्मी वारदात के दौरान मदद के लिए नहीं पहुंचे।

### ऑनलाइन गेम के चक्कर में शिक्षिका के खाते से निकल गए तीन लाख रुपए

**कांकेर।** ऑनलाइन गेम की वजह से एक शिक्षिका को तीन लाख रुपए की चपत लग गई है। कांकेर की रहने वाली शिक्षिका ने तीन लाख रुपए से अधिक की राशि ऑनलाइन निकाले जाने की शिकायत पुलिस से की है। मामले की जांच के बाद पता चला कि शिक्षिका के दस वर्षीय पुत्र ने ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान कई बार राशि खर्च की। जिससे कई ट्रांजेक्शन में तीन लाख से भी अधिक राशि खाते से कट गई। शिक्षिका ने पखांजूर पुलिस थाने में आवेदन दिया कि उसके बैंक खाते से 278 बार ट्रांजेक्शन कर तीन लाख 22 हजार रुपए निकाल लिए गए। साथ ही उसने बताया कि उक्त ट्रांजेक्शन का न तो उसके मोबाइल में कोई ओटीपी आया था और न ही कोई फोन काल। तीन माह पूर्व भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एटीएम प्राप्त हुआ था, जो एक्टिव नहीं हो रहा था, जिसे एसबीआई की शाखा में जाकर एक्टिव कराया था। एटीएम कार्ड के एक्टिव होने के बाद उन्होंने एटीएम का प्रयोग करते हुए पहली बार नौ हजार रुपए और दूसरी बार छह हजार रुपये निकाले थे।


### महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिचालनिक कारणों से विशेष रेलगाड़ी संख्या 01057 सीएसटी मुंबई-अमृतसर जं. एक्सप्रेस की समय-सारणी में दिनांक 10.07.2021 से संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

01057 सीएसटी मुंबई - अमृतसर जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (वाया भोपाल-नई दिल्ली-अम्बाला)

| स्टेशन ↓ | वर्तमान आगमन | वर्तमान प्रस्थान | संशोधित आगमन | संशोधित प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| सीएसटी मुंबई | --- | 23:30 | --- | 23:30 |
| सीएसटी मुंबई एवं तलवड़िया स्टेशनों के बीच समय में कोई परिवर्तन नही | | | | |
| छनेरा | 10:10 | 10:12 | 10:10 | 10:12 |
| खिरकिया | 10:45 | 10:47 | 10:47 | 10:49 |
| हरदा | 11:13 | 11:15 | 11:13 | 11:15 |
| टिमरनी | 11:28 | 11:30 | 11:28 | 11:30 |
| बानापुरा | 11:53 | 11:55 | 11:53 | 11:55 |
| बुदनी | ठहराव नहीं है | ठहराव नहीं है | 13:20 | 13:21 |
| मन्डी दीप | 14:28 | 14:30 | 14:23 | 14:25 |
| हबीबगंज | 14:50 | 14:52 | 15:08 | 15:10 |
| भोपाल | 15:15 | 15:20 | 15:30 | 15:35 |
| विदिशा | 16:17 | 16:19 | 16:13 | 16:15 |
| गुलाबगंज | 16:36 | 16:38 | 16:33 | 16:35 |
| गंज बासौदा | 16:53 | 16:55 | 16:50 | 16:52 |
| मण्डी बामोरा | 17:20 | 17:22 | 17:18 | 17:20 |
| बीना जं. एवं अमृतसर जं. स्टेशनों के बीच समय में कोई परिवर्तन नही | | | | |
| अमृतसर जं. | 16:15 | --- | 16:15 | --- |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलगाड़ियों और रेलवे स्टेशनों पर सामाजिक दूरी व सैनिटाइजेशन आदि सहित कोविड-19 से संबंधित राज्य एवं केन्द्र सरकार के सभी नियमों और अन्य सभी सावधानियों का पालन करना अनिवार्य है।

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 • रेलमदद वेबसाइट: www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## रतलाम जिले में 21 लोगों में मिले डेल्टा वायरस के लक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

जिले में कोरोना संक्रमण की चपेट में आ चुके 21 लोगों में डेल्टा वायरस के लक्षण मिले हैं। ये ऐसे लोग हैं, जिनकी कोरोना की रिपोर्ट निगेटिव आ चुकी है और वैक्सीन भी लग गई है। इसके बाद इनमें डेल्टा के लक्षण मिले हैं। इनमें जिला अस्पताल के सीएमएचओ भी शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के जानकारों का कहना है कि डेल्टा वायरस कोरोना का ही एक रूप है और इससे घबराने की जरूरत नही हैं, लेकिन सतर्क रहना है। जैसे कोरोना 14 दिन में ठीक हो जाता है, यह भी ठीक हो जाएगा। डेल्टा प्लस खतरनाक होता है, जिसका जिले में एक भी मरीज नहीं मिला है।

### 51 सैंपल डेल्टा वायरस की जांच के लिए दिल्ली भेजे गए थे



#### सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है

*जिले के सभी डेल्टा पाजिटिव मरीजों की स्थिति सामान्य है, लेकिन बार-बार बुखार आना या सांस लेने जैसी दिक्कत बीच-बीच में हो रही थी। इसलिए सैंपल जांच कराए गए। डा. बोरीबाल ने लोगों से कहा घबराएं नहीं, लेकिन सावधानी रखें। डेल्टा प्लस जैसा कोई संक्रमण नहीं है।*

कोविड नोडल अधिकारी डॉ. गौरव बोरीवाल ने बताया कि मेडिकल कालेज द्वारा तीन जिलों रतलाम, नीमच और मंदसौर से 51 सैंपल डेल्टा वायरस की जांच के लिए दिल्ली भेजे गए थे। इसमें 21 की रिपोर्ट में कोरोना का डेल्टा वायरस पाया गया है। मेडिकल कालेज में भर्ती कुछ मरीजों में बार-बार बुखार आने और दोबारा कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद सैंपल एनसीडीसी दिल्ली में जांच के लिए भेजे गए थे। डा. बोरीवाल ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे मई महीने में कोरोना संक्रमित हो गए थे, लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की वजह से सीएमएचओ का सैंपल भी जांच के लिए दिल्ली भेजा गया था। रिपोर्ट में सैंपल डेल्टा वायरस होने की पुष्टि हुई है। उन्हें 14 दिन तक होम आइसोलेट कर दिया गया है और इसके संपर्क में आए लोगों की पहचान कर जांच की जाएगी। साथ ही लगातार निगरानी रखी जाएगी कि इनके शरीर में क्या प्रभाव सामने आ रहे हैं।


**SAMTEX FASHIONS LIMITED**

Regd. Office & Works: Khasra No. 62, D1/3 Industrial Area, Rajarampur, Sikandrabad, Bulandshar, UP 203205, IN
CIN :L17112UP1993PLC022479, Email:samtex.compliance@gmail.com, Website: samtexfashions.com

**EXTRACT STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2021**

(Rs. In Lakhs, exept per share data)

| Sl No | Particulars | Standalone: Quarter Ended 31.03.2021 (Audited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.03.2020 (Audited) | Standalone: Year ended 31.03.2021 (Audited) | 31.03.2020 (Audited) | Consolidated: Quarter Ended 31.03.2021 (Audited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.03.2020 (Audited) | Consolidated: Year Ended 31.03.2021 (Audited) | 31.03.2020 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income From Operations | 0.51 | 0 | 0.52 | 0.6 | 0.68 | 6.46 | 0 | 7.91 | 13.55 | 9.92 |
| 2 | Net Profit/(Loss) From ordinary activities after tax | (22.46) | (19.10) | (16.36) | (76.56) | (81.20) | (152.10) | (217.42) | (233.59) | (807.85) | (991.22) |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | (22.46) | (19.10) | (16.36) | (76.56) | (81.20) | (152.10) | (217.42) | (233.59) | (807.85) | (991.22) |
| 4 | Equity Share Capital | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 |
| 5 | Reseves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | (1,325.44) | (1,248.89) | (1,248.89) | (1,325.44) | (1,248.89) | (23,753.37) | (22,942.64) | (22,942.64) | (23,753.37) | (22,942.64) |
| | Eamings Per Share (before extraordinary items) Basic | (0.03) | (0.03) | (0.02) | (0.10) | (0.11) | (0.20) | (0.29) | (0.31) | (1.80) | (1.33) |
| | Eamings Per Share (before extraordinary items) Diluted | (0.03) | (0.03) | (0.02) | (0.10) | (0.11) | (0.20) | (0.29) | (0.31) | (1.80) | (1.33) |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange websites and Company's web site : www.samtexfashions.com.

For Samtex Fashions Limited
Sd/-
Atul Mittal
Chairman & Managing Director
DIN 00223366

Place : Delhi
Date : 29.06.2021



**एकम लीजिंग एंड फाइनेंस कं. लि.**

CIN- L74899DL1993PLC055697, Email ID: ekam.leasing1@gmail.com
पंजी. कार्यालय : 11, रानी झांसी रोड, मोतिया खान, एम.एम. रोड, नई दिल्ली-110055

**31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन: समाप्त तिमाही 31-03-2021 (अंकेक्षित) | 31-12-2020 (अअंकेक्षित) | 31-03-2020 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन: समाप्त वर्ष 31-03-2021 (अंकेक्षित) | 31-03-2020 (अंकेक्षित) | समेकित: समाप्त तिमाही 31-03-2021 (अंकेक्षित) | 31-12-2020 (अअंकेक्षित) | 31-03-2020 (अंकेक्षित) | समेकित: समाप्त वर्ष 31-03-2021 (अंकेक्षित) | 31-03-2020 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 13.32 | 11.68 | 11.51 | 48.67 | 42.98 | 13.32 | 11.68 | 11.51 | 48.67 | 42.98 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 2.45 | 1.44 | 1.63 | 6.88 | (48.05) | 9.11 | 2.75 | 5.84 | 24.50 | (93.10) |
| 3. | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) मदें और / अथवा असाधारण मदें) | 2.45 | 1.44 | 1.63 | 6.88 | (48.05) | 9.11 | 2.75 | 5.84 | 24.50 | (93.10) |
| 4. | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 14.52 | 1.15 | 13.69 | 18.57 | (47.90) | 18.88 | 2.01 | 17.04 | 30.94 | (35.62) |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 12.02 | 1.15 | 12.66 | 16.07 | (48.93) | 16.38 | 2.01 | 16.01 | 28.44 | (36.65) |
| 6. | इक्विटी शेयर कैपिटल | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| 7. | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | 10.68 | (5.40) | - | - | - | 518.88 | 490.44 |
| 8. | अर्जन प्रति शेयर (रु. 5 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | | | | | |
| | बेसिक : | 0.24 | 0.02 | 0.23 | 0.31 | (0.80) | 0.31 | 0.03 | 0.28 | 0.52 | (0.59) |
| | डायल्युटेड : | 0.24 | 0.02 | 0.23 | 0.31 | (0.80) | 0.31 | 0.03 | 0.28 | 0.52 | (0.59) |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन एवं समेकित) के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। स्टैंडअलोन एवं समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज वेबसाइट अर्थात (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.ekamleasing.com) पर उपलब्ध है।
2. पूर्ववर्ती वर्षों / तैमाहिक आंकड़े जहां आवश्यक है, रिग्रुपड / रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।
3. कम्पनी इन स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों को कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 के अनुरूप तैयार कर चुकी है।
4. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 28.06.2021 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और रिकार्ड पर ले लिये गये।

निदेशक मंडल की ओर से
एकम लीजिंग एंड फाइनेंस कं. लि.
हस्ता/-
राकेश जैन
प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00061737

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29 जून 2021

# DoT starts portal to allocate spectrum for trials

**TELECOM COMPANIES CAN** now apply online for a licence to use spectrum for trials and demonstration on Saral Sanchar Portal, and there will also be deemed approval in certain cases, the Department of Telecom (DoT) said on Tuesday.

The Wireless Planning and Coordination wing has made the provision of online approval of licence for trials on Saral Sanchar Portal where companies can submit their application and no physical submission will be required.

The application can be made on self-declaration basis for instant issue of licences for indoor experimentation, demonstration and manufacturing.

There will be one licence that will meet all licensing requirements of the user for the use of spectrum, import of related products and sub- assemblies, demonstration and possession of wireless equipment.

Telecom secretary Anshu Prakash said the new online application is expected to boost the ecosystem of design and applications in wireless technologies.

— PTI

COVID IMPACT

# Credit growth to industry remained in negative zone in 2020-21, says RBI

**PRESS TRUST OF INDIA**
Mumbai, June 29

**CREDIT GROWTH TO** the industrial sector remained in the negative territory during 2020-21, mainly due to the Covid-19 pandemic and resultant lockdowns, Reserve Bank of India (RBI) data showed on Tuesday.

However, "personal loans continued to grow at robust pace and recorded 13.5% growth (Y-o-Y) in March 2021; industrial loan growth, on the other hand, remained negative during all quarters of 2020-21."

The RBI said working capital loans in the form of cash credit, overdraft and demand loans, which accounted for a third of total credit, contracted during 2020-21, indicating the impact of the pandemic.



Credit to household sector rose by 10.9% Y-o-Y and its share in total credit increased to 52.6% in March 2021 from 49.8% a year ago, as per the RBI data

The data further revealed private sector banks recorded higher loan growth when compared to public sector lenders. Their share in total credit increased to 36.5% in March 2021 from 35.4% a year ago and 24.8%five years ago, it said.

Credit to household sector rose by 10.9% (Y-o-Y) and its share in total credit increased to 52.6% in March 2021 from 49.8% a year ago, as per the 'Quarterly Basic Statistical Returns (BSR)-1: Outstanding Credit of Scheduled Commercial Banks (SCBs), March 2021', released by the central bank.

Growth in credit to the private corporate sector, however, declined for the sixth successive quarter and its share in total credit stood at 28.3%.

RBI said the weighted average lending rate (WALR) on outstanding credit has moderated by 91 basis points during 2020-21, including a decline of 21 basis points in Q4.

It also said bank branches in urban, semi-urban and rural areas recorded double-digit credit growth (Y-o-Y) in March 2021, whereas metropolitan branches, which accounted for 63% of bank credit, logged 1.4% growth.

# India to oppose 'unfair' carbon border tax plans at Glasgow climate summit

**ARCHANA CHAUDHARY**
June 29

**INDIA AND OTHER** developing nations will oppose plans by the European Union and the US to penalise imports of carbon-intensive goods to curb emissions at the global climate summit to be held in Glasgow this November.



"It is the most regressive proposal" with "no principle of equity adhered to," environment minister Prakash Javadekar told Bloomberg New Energy Finance's Vandana Gombar at the BNEF Summit held virtually on Tuesday. "This is unfair taxation, nobody will accept it."

India will instead seek more action from European nations and the US, which have not kept their commitments on reducing emissions, Javadekar said.

US President Joe Biden's administration is considering a so-called border adjustment tariff to be levied on certain carbon-intensive goods imported from countries with lax climate controls. That's similar to plans put forth by the EU and those being discussed by the UK and Canada.

Javadekar listed India's climate investments, including its solar power plans and ₹400 billion ($5.9 billion) spending on increasing forest cover. The minister also criticised delays in plans to release the $100 billion in financial aid to developing nations to help them meet their climate goals.

The funds that were supposed to be disbursed by 2020 have now been delayed to 2025.

India would push for more action from developed nations at the Conference of Parties or COP26 in November, Javadekar said. "We are paying, we are suffering from climate change which was caused by the reckless emissions for hundreds of years by the developed world," Javadekar said.

— BLOOMBERG

# Meeting soon to discuss auto industry growth plan: Javadekar

**PRESS TRUST OF INDIA**
New Delhi, June 29

**THE HEAVY INDUSTRIES** and public enterprises ministry will soon convene a stakeholders' meeting to discuss ways for fast-track growth of the automobile industry, including e-vehicles, Union minister Prakash Javadekar said on Tuesday.

He said with the development of the NATRAX (National Automotive Test Tracks) Indore facility, domestic vehicles will no longer need to be sent abroad for testing.

Many countries which do not have this kind of facilities will now send their vehicles to India instead of Europe or the US as the 11.3-km high speed track at Indore is the fifth largest in the world, but largest in Asia and more equipped than facilities in China and Japan, the minister said.

"We will arrange a stakeholder dialogue very soon to think about both the topics — further acceleration for high growth of the automobile industry and what is the way forward for fast tracking and fast growth of e-vehicles," the heavy industries & public enterprises minister said while inaugurating the Indore facility.

# Rawat visits forward posts along LAC with China

**PRESS TRUST OF INDIA**
New Delhi, June 29

**CHIEF OF DEFENCE** Staff Gen Bipin Rawat on Tuesday visited a number of forward locations along the Line of Actual Control (LAC) with China around the Himachal Pradesh sector to take stock of India's military preparedness in the region.

